वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्
COUNCIL OF SCIENTIFIC & INDUSTRIAL RESEARCH
अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110 001
Anusandhan Bhawan, 2, Rafi Marg, New Delhi- 110 001

सीएसआईआर
CSIR
भारत का नवाचार इंजन
*The Innovation Engine of India*

2025
अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष
सहकारी समितियाँ एक बेहतर दुनिया का निर्माण करती हैं

No. 5-1(554)/2018-पीडी

Dated 07.11.2025

**प्रेषक** : संयुक्त सचिव (प्रशासन)

**सेवा में** : सीएसआईआर की सभी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं/संस्थानों/मुख्यालय/इकाइयों के निदेशक/प्रमुख

**विषय** : अवर सचिव/प्रधान निजी सचिव/वित्त एवं लेखा अधिकारी/भंडार एवं क्रय अधिकारी को अगले उच्चतर ग्रेड/वेतन स्तर में एमएसीपी मिलने पर दो वेतन वृद्धि देने - के संबंध में ।

**महोदया/महोदय,**

मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि सीएसआईआर को उल्लिखित विषय पर विभिन्न सन्दर्भ तथा अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं । तदनुसार, इस मामले को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) को स्पष्टीकरण हेतु भेजा गया था और डीओपीटी ने दिनांक 12.08.2025 के आईडी नोट द्वारा यह स्पष्ट किया कि अवर सचिव/प्रधान निजी सचिव/ वित्त एवं लेखा अधिकारी/भंडार एवं क्रय अधिकारी से उप सचिव/वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव/वित्त एवं लेखा नियंत्रक/भंडार एवं क्रय नियंत्रक पर दी जाने वाली नियमित पदोन्नति के समय मिलने वाले वेतन निर्धारण का लाभ एमएसीपी योजना के तहत ग्रेड पे 6600/- रुपये से 7600/- रुपये (पूर्व संशोधित वेतन मान) में वित्तीय उन्नयन के लिए भी दिया जाएगा ।

इसके बाद, सक्षम प्राधिकार द्वारा वित्त सलाहकार, सीएसआईआर के परामर्श से इस मामले पर विचार किया गया और यह निर्णय लिया गया कि अवर सचिव/प्रधान निजी सचिव/वित्त एवं लेखा अधिकारी/भंडार एवं क्रय अधिकारी से उप सचिव/वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव/वित्त एवं लेखा नियंत्रक/भंडार एवं क्रय नियंत्रक पर दी जाने वाली नियमित पदोन्नति के समय एमएसीपी योजना के तहत ग्रेड पे 6600/- रुपये से 7600/- रुपये (पूर्व संशोधित वेतन मान) में वित्तीय उन्नयन के समय मिलने वाले वेतन निर्धारण का लाभ दिए जाने संबंधी स्पष्टीकरण को सीएसआईआर की सभी प्रयोगशालाओं/संस्थानों की सूचना और आवश्यक कार्रवाई हेतु ध्यान में लाया जाए ।

2. अतः आपसे अनुरोध है कि प्रयोगशाला/संस्थान में लंबित और इस स्पष्टीकरण के भीतर आने वाले ऐसे सभी मामलों और उपयुक्त दावों की प्रयोगशाला/संस्थान स्तर पर समीक्षा करके निपटान किया जाए ।

भवदीय,

राहुल 7/11/25

(कुमार राहुल)
उप सचिव (नीति)

प्रतिलिपि:

1. सीएसआईआर की सभी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं/संस्थानों/मुख्यालय/इकाइयों के वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक/ वरिष्ठ उप सचिव/प्रशासन नियंत्रक/उप सचिव/प्रशासनिक अधिकारी/अवर सचिव
2. सीएसआईआर की सभी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं/संस्थानों/मुख्यालय/इकाइयों के वरिष्ठ उप वित्त सलाहकार/वरिष्ठ वित्त एवं लेखा नियंत्रक/उप वित्त सलाहकार/वित्त एवं लेखा नियंत्रक/वित्त एवं लेखा अधिकारी
3. सीएसआईआर की वेबसाइट
4. कार्यालय प्रति ।

Phones : EPABX-23710138, 23710144, 23710158, 23710468, 23710805, 23711251, 23714238, 23714249, 23714769, 23715303
Fax : 91-11-23714788
Website : http://www.csir.res.in